NBT
नवभारत टाइम्स
। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 22 जनवरी 2022 www.delhi.nbt.in

स्कूल खोलने के बारे में फरवरी में ही होगा फैसला

विस, नई दिल्ली : दिल्ली में अभी स्कूलों को खोलने के बारे में फरवरी के पहले हफ्ते में चर्चा होने की उम्मीद है। सूत्रों का कहना है कि कोविड के केस लगातार कम हो रहे हैं लेकिन जनवरी में ऑफलाइन क्लासेज शुरू करने के बारे में कोई विचार नहीं है। वहीं स्कूलों का कहना है कि शिक्षा निदेशालय के निर्देशों के मुताबिक ही तैयारी की जाएगी। एमएम पब्लिक स्कूल पीतमपुरा की प्रिंसिपल रूमा पाठक का कहना है कि अभी स्कूल में सारी क्लासेज ऑनलाइन हो रही हैं और शिक्षा विभाग के जो भी निर्देश होंगे, उसे लागू किया जाएगा।